झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (शि0) सरायकेला–खरसाँवा / PDS–24 / 2022– 986

प्रेषक,

हिमांशु शेखर चौधरी
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः–26 / 12 / 2022

विषयः– **लक्षित जनवितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाले अनाज के FCI गोदाम से JSFC गोदाम पर पहुँचने संबंधी सूचना देने के सम्बन्ध में।**

प्रसंगः– झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड का पत्रांक–4818 दिनांक–10.12.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा FCI गोदाम से उठाव से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन के अनुसार जमशेदपुर, सिमडेगा एवं रांची के जुलाई माह का PMJKAY का खाद्यान्न का उठाव अबतक नहीं हुआ है। उठाव नहीं होने का कारण FCI गोदाम में चावल की अनुपलब्धता बताई गई है। पत्र में यह भी उल्लेखित है कि वर्तमान में भी चाईबासा, सरायकेला–खरसाँवा, गढ़वा, लातेहार, रांची, खुँटी, धनबाद, हजारीबाग, साहेबगंज एवं गिरिडीह के FCI गोदाम में चावल उपलब्ध नहीं है। FCI गोदामों में चावल नहीं होने की JSFC से प्राप्त सूचना के साथ–साथ FCI डीपो से JSFC गोदाम के लिए जा रहे चावल लदे ट्रकों के विचलन का दैनिक समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित समाचार दुःखद है।

पिछले कई महिनों से लगातार PDS में चावल नहीं होने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। गत दिनों राँची के कई गोदाम में DSO/DM JSFC, राँची के द्वारा जाँच में FCI से परिवहन किए जा रहे PDS के खाद्यान्न के ट्रकों के JSFC गोदाम में नहीं पहुँचने का समाचार प्रकाशित हुआ है। इस क्रम में FCI गोदाम नगड़ी से चावल लेकर बेड़ो के JSFC गोदाम के लिए निकले दो ट्रक एक माह बाद भी बेड़ो नहीं पहुँचने एवं मांडर में 24 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 29 नवंबर को उक्त ट्रक से JSFC गोदाम में रात में चावल उतारने का समाचार प्रकाशित हुआ है। यह एक अपराधिक कृत्य को पदाधिकारियों के सहयोग से लीपापोती कराने का निंदनीय प्रयास प्रतीत होता है। इसका प्रतिफल गरीब, असहाय लाभुकों को राशन कम अथवा नहीं मिलने से होता है। गरीब लोगों के राशन लूटने वाले लोगों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना सम्बन्धितों का कर्तव्य एवं दायित्व है।

अतः अनुरोध है कि उक्त के संबंध में गहन जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। साथ ही राँची जिला के सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2022 से सम्बन्धित खाद्यान्न उठाव की सूचना संलग्न प्रपत्र में उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

20/12/22

(हिमांशु शेखर चौधरी)
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

FCI से उठाव किए गए खाद्यान्न का प्रतिवेदन

जिला–राँची

मात्रा टन में

क्र0 सं0	माह	FCI से प्रखण्ड स्तरीय JSFC के गोदाम के लिए निकले ट्रकों की सं0	कॉलम 3 के ट्रकों में परिवहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा	ट्रकों की संख्या जो FCI से निर्गम तिथि के दिन ही अपने गन्तव्य JSFC गोदाम में पहुँची	कॉलम 5 के ट्रकों में परिवाहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा	ट्रकों की संख्या जो FCI से निर्गम तिथि के एक दिन के बाद अपने गन्तव्य JSFC गोदाम में पहुँची	कॉलम 7 के ट्रकों में परिवाहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा	ट्रकों की संख्या जो एक दिन से अधिक दिन के बाद अपने गन्तव्य JSFC गोदाम पहुँची	कॉलम 8 के ट्रकों में परिवाहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा	ट्रकों की संख्या जो अपने गन्तव्य JSFC गोदाम नहीं जाकर दूसरे गोदाम पहुँची	कॉलम 11 के ट्रकों में परिवाहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा	ट्रकों की संख्या जो प्रतिवेदन दर्ज करने की तिथि तक JSFC गोदाम में नहीं पहुँची	कॉलम 13 के ट्रकों में परिवाहन किए जा रहे अनाज की कुल मात्रा
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*	*10*	*11*	*12*	*13*	*14*
1	सितम्बर												
2	अक्टुबर												
3	नवंबर												
4	दिसम्बर 20.12. 2022 तक												

E:\Ziyaul\Member Secretary new\Prapatra for JSFC.docx1